चैत्र शुक्ल पक्ष-9, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 301 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 अप्रैल 2024 बुधवार

# बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

# रामलला का सूर्यतिलक... अयोध्या में सदियों बाद अलौकिक नजारा



**अयोध्या, एजेंसी।**

आज देशभर में रामनवमी धूमधाम से मनाई जा रही है। अयोध्या में रामलला के मंदिर में आज बेहद खास आयोजन हुए और इसमें सूर्यतिलक भी जुड़ गया।दोपहर ठीक 12.16बजे जब सूर्य की किरणें पूरी प्रखरता के साथ रामलला के मस्तक पर पड़ीं तो दर्शनार्थी झूम उठे। इस मौके पर खास आरती पूजा भी हुईं। आज रामनवमी के मौके पर राम मंदिर के कपाट भक्तों के लिए सुबह 3.30 बजे खोल दिए गए थे। आज रात 11 बजे तक भक्त रामलला के दर्शन कर सकेंगे। ऐसे में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। आज के विशेष मौके के लिए रामलला की विशेष परिधान भी डिजाइन की गई है, जो पीले पीतांबर रंग की है। इसमें खादी और हैंडलूम का इस्तेमाल किया गया है। परिधान को तैयार करने में वैष्णो संप्रदाय के प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही गोल्ड और सिल्वर धागों का इस्तेमाल हुआ है। वस्त्रकार मनीष त्रिपाठी का कहना है कि रामलला के परिधान को तैयार करने में 20 से 22 दिन का समय लगता है। रामलला के वस्त्रों में मखमली कॉटन का इस्तेमाल किया जाता है ताकि अंदर से सॉफ्ट रहे।



## ऐसे हुआ रामलाला का सूर्य तिलक

- **पहला चरण–** सबसे पहले मंदिर के पहले हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की रोशनी गिरी, फिर यहां से रोशनी परावर्तित होकर पीतल के पाइप में रोशनी प्रवेश हुीई।
- **दूसरा चरण–** पीतल की पाइप में लगे दूसरे दर्पण से सीधे रोशनी टकराकर 90 डिग्री में बदली।
- **तीसरा चरण–** लंबवत पीतल के पाइप में सूर्य किरणें तीन अलग-अलग लेंस से आगे बढीं।
- **चौथा चरण–** सूर्य तिलक के चौथे चरण में किरणें तीन लेंस से गुजरने के बाद गर्भगृह के सीध में लगे दर्पण से टकराईं तथा राम के ललाट पर नई आभा बिखर गई।
- **पांचवां चरण–**फिर 90 डिग्री के कोण में मुड़कर सीधी यानी क्षैतिज रेखा में आ गई और सीधे रामलाल के मस्तक पर टकराकर सूर्य तिलक किया।

# छग में नक्सली मुठभेड़ को फर्जी बताया भूपेश ने

**रायपुर, एजेंसी।**

कांकेर में नक्सलियों के खिलाफ हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ अब सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर सवाल उठाए हैं। बघेल ने इस मुठभेड़ को फर्जी बताया व कहा कि भाजपा शासनकाल में नक्सलियों का फर्जी एनकाउंटर होता है। अभी चार महीनों में ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है। पुलिस द्वारा बस्तर में भोले भाले आदिवासियों को डराया जाता है। उन्होंने कहा कि कवर्धा जिले में पुलिस द्वारा आदिवासियों को डराया धमकाया जा रहा है और गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है। वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, हर चीज में इनको प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं करना चाहिए। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक को भी उन्होंने काल्पनिक कहा। यह घटना तो उनके ही प्रदेश की है, कैसे सवाल उठा सकते हैं। यह घटना किसी भी तरह से फर्जी है तो उसको प्रमाणित करें।



# अजूबा... दुबई समेत कई खाड़ी देश में जोरदार बरसात



ओमान में 18 मौतें

**दुबई, एजेंसी।**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और उसके आसपास के मुल्कों में मूसलाधार बारिश से सड़के लबालब हैं और स्कूलों को बंद करना पडा है। आलम ऐसा कि यूएई में हर जगह-जगह पानी ही पानी नजर आ रहा है. बाढ़ से कई शहर जाम हो गए हैं। पड़ोसी मुल्क ओमान में भारी बारिश से आई बाढ़ से 18 लोगों की मौत हो गई है। बारिश से आई बाढ़ का सबसे अधिक असर दुबई के ट्रैफिक पर पड़ा है. सड़क यातायात से लेकर हवाई यातायात भी बाधित हुई है। दुबई का एयरपोर्ट पानी से लबालब भर गया है।इस कारण कई उड़ानें भी रद्द करनी पड़ी. इससे पहले सोमवार को दुबई पुलिस ने खराब मौसम के प्रति लोगों को सचेत करते हुए पब्लिक सेफ्टी एडवाइजरी जारी की। अभी भी दुबई, अबू धाबी सहित कई बड़े शहरों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। रेगिस्तानी मुल्कों में इस तरह की बारिश को क्लाइमेट चेंज का भी नतीजा माना जा रहा है।

## आज शाम थम जाएगा मप्र की 6 सीटों पर चुनाव प्रचार

# समीकरण सेट करने की आखिरी कवायद, नसीहत देकर लौटे शाह



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र समेत देशभर में आज पहले चरण की सीटों के लिये चुनाव प्रचार शाम को समाप्त हो जाएगा। इसके पहले आज दोनों दलों के नेता पूरा जोर झोंक रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रात्रिविश्राम के बाद आज छिंदवाडा से रवाना हो गये हैं। बताया जाता है कि उन्होंने देर रात तक कार्यकर्ताओं व नेताओं से चर्चा की व कई नसीहतें दी। छिंदवाडा के कई समीकरणों पर बातचीत के बाद आज सुबह रवाना होने से पहले भी उन्होंने फिर सीएम मोहन यादव समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की। माना जा रहा है कि उन्होंने छिंदवाडा सीट समेत मप्र की सभी सीटों पर चुनावी स्थिति पर फीडबैक लिया है। गौरतलब है कि छिंदवाडा में कांग्रेस को हराने के लिये भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंक रखी है। वहीं कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह,कमलनाथ व जीतू पटवारी ने अनुचित रणनीति का सहारा लेने का भी आरोप लगाया है। मप्र में 19 अप्रैल को सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा में मतदान होगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज छिंदवाड़ा, बालाघाट, डिंडोरी और जबलपुर लोकसभा के चुनाव प्रचार पर हैं। वे जनसभा और रोड शो कर रहे हैं।

### कांग्रेस को झटका, देवाशीष ने पार्टी छोड़ी

कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के दौरान मप्र में फिर झटका लगा है। भिंड - दतिया लोकसभा सीट से पिछली बार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे देवाशीष जरारिया ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस बार पार्टी ने देवाशीष की जगह भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया को भिंड से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। देवाशीष तभी से नाराज चल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर अपना निर्णय बताया है।

## राहुल गांधी ने अखिलेश संग साधे निशानें...

# 150 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी भाजपा को, इलेक्टोरल बांड लूटखसोट की बड़ी स्कीम

**गाजियाबाद, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी अनुमानों और ओपिनियन पोल के बीच आज कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा चीफ अखिलेश यादव ने एक मंच पर साथ आकर भाजपा पर निशाने साधे। राहुल ने कहा कि मैं सीटों की भविष्यवाणी नहीं करता लेकिन 15-20 दिन पहले मैं सोच रहा था कि बीजेपी करीब 180 सीटें जीतेगी, लेकिन अब मुझे लगता है कि उन्हें 150 सीटें मिलेंगी। हमें हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि इंडिया ब्लॉक मजबूत होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है। राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी के हाल ही में एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू पर कहा कि यह स्क्रिप्टेड था और एक फ्लॉप शो साबित हुआ है। प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बॉन्ड को समझाने की कोशिश की जिन्होंने बीजेपी को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाईं? ये दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है, ये बात भारत के सभी व्यापारी समझते हैं। इसीलिये प्रधानमंत्री जो सफाई देना चाहते हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

राहुल का कहना था कि यह विचारधारा का चुनाव है एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की कोशिश कर रही हैं। चुनाव में दो-तीन बड़े मुद्दे है, जैसे बेरोजगारी सबसे बड़ा और महंगाई दूसरा सबसे बड़ा मुद्दा है,मगर भाजपा इनसे ध्यान भटकाने में लगी हुई है प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर बात नहीं करते हैं।



### 'गाजीपुर से गाजियाबाद तक एनडीए का सफाया होगा'

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार चुनाव में गाजियाबाद से गाजीपुर तक एनडीए का सफाया होने वाला है। यूपी वाले तो स्वागत भी बहुत अच्छा करते हैं, इस बार विदाई भी बहुत अच्छे तरीके से होने जा रही है। गठबंधन के साथी एमएसपी की गारंटी देने का वादा कर रहे हैं. लेकिन जिस दिन केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ा देगी, उसी दिन से गरीबी कम होना शुरू हो जाएगी। यादव ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया है। बीजेपी सभी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। वे न सिर्फ भ्रष्टाचारियों को (अपनी पार्टी में) ले रहे हैं, बल्कि भ्रष्टाचारियों द्वारा कमाया गया पैसा भी अपने पास रख रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

## कई बरस बाद किसी 'लड़के' ने मारी बाजी

# जुरासिक पार्क से लेकर डायनोसार तक... दिलचस्प हैं यूपीएससी टॉपर्स की कहानियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आदित्य श्रीवास्तव...आज यह नाम सभी की जुबान पर है। लखनऊ के इस युवा ने संघ लोक सेवा आयोग के फाइनल रिजल्ट में टॉप किया है। पहली रैंक के साथ अब आईएएस में चयनित आदित्य ने टॉप किए जाने को लेकर कहा है कि वह टॉप-70 में आने की कामना कर रहे थे लेकिन टॉप कर जाना अपने आप में जबर्दस्त एहसास है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल का फायदा भी हुआ है। वे अभी हैदराबाद में आईपीएस ऑफिसर के तौर पर ट्रेनिंग ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि इस खास मौके पर मैं अपने माता-पिता को मिस कर रहा हूं। आईआईटी कानपुर से बी.टेक और एम.टेक की पढ़ाई के बाद यूपीएससी की तैयारी में जुट गए आदित्य श्रीवास्तव को क्रिकेट खेलने और खाना खाने के शौकीन हैं। खाने में मटन का स्वाद उन्हें बहुत पसंद है। आदित्य को डायनासोर के बारे में पढ़ने और जानकारी हासिल करने का बहुत अधिक शौक है। उन्होंने इस सब्जेक्ट पर बनी जुरासिक पार्क फिल्म भी बहुत मन से देखी। उल्लेखनीय है कि यूपीएससी सिविल सर्विसेज में कई वर्षों में यह पहली बार है, जब किसी लड़के ने यूपीएससी सिविल सर्विसेज की परीक्षा में पहली रैंक हासिल की है। पिछले वर्ष यानि कि 2022 परीक्षा में अव्वल रहीं इशिता किशोर ने 1094 अंक प्राप्त किए थे। फिलहाल वह अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में तैनात हैं। 2021 की सिविल सर्विसेज की परीक्षा में टॉप करने वाली सभी महिलाएं रहीं थीं। श्रुति शर्मा ने 1105 अंक हासिल किए थे। श्रुति इस वक्त यूपी में तैनात हैं। इस बार मप्र में भी कई अफसरों के बच्चों ने आईएएस में सफलता हासिल की है।



### मां को मिस कर रहा एक टॉपर

मैं जानता था उनके पास बस कुछ ही दिन बचे हैं। वो टर्मिनल कैंसर से जूझ रही थीं। बस उनके लिए मैं जल्द से जल्द यूपीएससी क्रैक करना चाहता था। ताकि उन्हें गर्व महसूस करा सकूं। वो मेरा सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम थीं। ये कह रहे हैं यूपीएससी सिविल सेवा रैंक 2 हासिल करने वाले 24 साल के अनिमेष प्रधान। जिन्होंने बिना किसी कोचिंग के, सिर्फ एक साल की मेहनत में पहले ही अटेंप्ट में यूपीएससी क्रैक कर लिया। हालांकि अनिमेष को इस बात की जितनी खुशी है, उससे कहीं ज्यादा इस बात का अफसोस कि उनकी लाख कोशिशों के बावजूद उनकी मां बेटे की जिंदगी का ये गौरवपूर्ण क्षण नहीं देख सकीं। अनिमेष ने परीक्षा की तैयारी ओडीसा से की है।

# अरबों डॉलर की सब्सिडी देना सही नहीं': रघुराम राजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने चिप निर्माण पर भारत की ओर से अरबों डॉलर खर्च करने की आलोचना की है। राजन ने कहा है कि इन चिप विनिर्माण कारखानों को सब्सिडी देने के लिए कई अरब खर्च किए जाने हैं जबकि दूसरी ओर कई रोजगार देने वाले क्षेत्र अच्छा नहीं कर रहे हैं और उन पर किसी का ध्यान नहीं है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत लोकतंत्र से मिलने वाले लाभ नहीं उठा पा रहा है। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन 'भारत को 2047 तक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना-इसके लिए क्या चाहिए' में राजन ने कहा, ÷मुझे लगता है कि यह लोकतंत्र से लाभ उठाने का समय है, लेकिन समस्या यह है कि हम लाभ नहीं उठा रहे हैं।



## कन्या भोज





हमीदिया रोड दुर्गा मंदिर में नवमी पर छप्पन भोग लगाए।



भोपाल के शाहजहांनाबाद दुर्गा मंदिर में रामनवमी पर समाजसेवी इंद्र कुमार जोदानी के नेतृत्व में कन्या भोज का आयोजन किया गया।

# जूनियर डॉक्टरों द्वारा इच्छा मृत्यु मांगने पर प्रमुख सचिव और डीन को जांच के निर्देश

## पूछा: क्या गाइडलाइन है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी मेडिकल कॉलेज के पांच जूनियर डॉक्टरों द्वारा इच्छा मृत्यु मांगने के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने प्रमुख सचिव, चिकित्सक शिक्षा विभाग, डायरेक्टर, चिकित्सा शिक्षा विभाग और गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अधिकारियों पूछा है कि जूनियर डॉक्टरों से लिये जाने वाले कार्य के संबंध में नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा इस संबंध में क्या अनुशंसायें की गई है और उस तारतम्य में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में जो विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय है, उनके लिए क्या गाइडलाइन जारी की गई हैं? इस संबंध में पूर्व में क्या-क्या शिकायतें प्राप्त हुई है और उन पर क्या कार्रवाई की गई? संबंध में प्रतिवेदन मांगा है।



### 24 से 36 घण्टे तक काम करना पड़ रहा

आयोग के संज्ञान में आया है कि, भोपाल शहर के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के पांच जूनियर डॉक्टरों द्वारा फैकल्टीज पर प्रताड़ना और काम के अत्यधिक भार का आरोप लगाए हैं। जूनियर डॉक्टर का कहना है कि निरंतर 24 से 36 घण्टे तक काम करना पड़ रहा है। शासकीय अवकाश के दिन भी छुट्टी नहीं दी जाती है। सीनियर एवं फैकल्टीज द्वारा दुर्व्यवहार भी किया जाता है। जिस कारण जूनियर डॉक्टरो ने शासन से इच्छामृत्यु मांगी है।

### महिला अतिथि व्याख्याता से छेड़छाड़, जवाब-तलब

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पदस्थ एचओडी द्वारा महिला अतिथि व्याख्याता से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा 4 अप्रैल को पुलिस थाने में एचओडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण पुलिस दस दिन तक मामले पर पर्दा डाले रही। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल एवं रजिस्ट्रार, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

# 'भारत की ज्ञान विज्ञान परम्परा' पर व्याख्यान आज

## विज्ञान भारती मध्य भारत द्वारा किया जा रहा है आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विज्ञान भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा जयंतराव सहस्त्रबुद्धे के जन्मदिवस पर ''भारत की ज्ञान विज्ञान परम्परा'' पर व्याख्यान का आयोजन 17 अप्रैल को किया जाएगा। यह आयोजन भोपाल के वैशाली नगर के कुक्कुट भवन स्थित राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान सभागार में शाम 5 बजे से होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पुरातत्वविद, साउथ एशियन आर्केलाजी सोसायटी के संस्थापक एवं डेक्कन कॉलेज के पूर्व कुलपति डॉ. वसंत शिंदे होंगे। डॉ. वसंत शिंदे हप्पा संस्कृति की राखीगढी साइट के डीएनए परीक्षण के लिए भी विश्व प्रसिद्ध है।

इस कार्यक्रम में प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष प्रो. रविन्द्र रामचन्द्र कान्हेरे विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विदित है कि जयंतराव सहस्त्रबुद्धे एक प्रसिद्ध चिंतक एवं दार्शनिक रहे हैं, जिन्होंने विज्ञान को एक स्वदेशी आंदोलन के रूप में आमजन तक विज्ञान की पहुंच पर अपने अंतिम समय तक कार्य किया। उनकी स्मृति में यह व्याख्यानमाला आयोजित की जा रही है।

# भोज विवि: चार ट्रैप कैमरे और पिजरें भी लगाए, अब तक नहीं मिला तेंदुआ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोज विश्वविद्यालय परिसर में तेंदुआ नजर आने के बाद आस-पास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम उसे ढूंढने में लगी है, लेकिन वह जंगल में गायब हो गया है। इसके लिए चार ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। सर्चिंग के लिए इंप्रेशन पैड बनाए गए हैं। क्षेत्र में हार्ड स्टेटा होने के कारण तेंदुए के निशान नहीं मिले हैं। चूंकि तेंदुआ काफी खतरनाक और हिंसक होता है इसलिए उसके लिए पिंजरे भी लगाए गए हैं। उसके वीडियो भी बनाए गए हैं। इससे बचने के लिए आसपास में रहने वाले लोगों को हिदायत दी है कि वह सतर्क रहें और अपने घर में ही रहें। बता दें कि बीते मंगलवार को रात आठ बजे भोज परिसर और उसके गेट के पास तेंदुआ का वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में तेंदुआ परिसर में हलचल करता दिखाई दे रहा था। फिर वह गेट के आस-आस चहल कदमी करता दिखाई दे रहा था।



# संतनगर में अष्टमी पर टैंपल ऑफ संबोधि में महाआरती

## हवन और भंडारे के आयोजन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में चैत्रनवरात्र महोत्सव मनाया जा रहा है। अष्टमी जहां मंगलवार को देवी मंदिरों एवं दरबारों में धार्मिक आयोजन हुए। वहीं रामनवमी पर बुधवार 17 अप्रैल को हवन व भंडारे हो रहे हैं। अष्टमी पर वन ट्री हिल्स स्थित टैंपल ऑफ संबोधि में अष्टमी पर महाआरती का आयोजन किया गया। संबोधि में नवरात्र में नियमित आरती, पल्लव हुआ। इस मौके पर वेदांत संत लालसाईं ने भजन से अवसर को उत्सवी बनाया। रामनवमी पर बुधवार को सुबह 10.30 हवन, यज्ञ, कीर्तन हुए। मिठी में रामनवमी मनी



मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में रामनवमी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्र कार्तिक वाधवानी एवं नमन वटनानी ने भगवान श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित भजन प्रस्तुत किया। नन्हे मुन्ने रामजी के बाल्य स्वरूप में आए।

प्राचार्य अजय बहादुर सिंह भगवान श्रीरामजी के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए सत्य के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य आशा चंगलानी, कोर्डिनेटरर्स एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम का जन्मदिन मना

**हिरदाराम नगर।** संतनगर कांग्रेस के उप ब्लाक अध्यक्ष, सिंधु नवजागरण समिति के मुख्य सलाहाकार व समाजसेवी घनश्याम लालवानी का गिदवानी पार्क में जन्मदिन मनाया गया। लालवानी का शाल व फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी गयी। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी व कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा कि घनश्याम लालवानी कांग्रेस व समाज के कर्मठ कार्यकर्ता है। वे राजनीति के साथ साथ समाजसेवा में भी सक्रिय रहते हैं।

## योग केंद्र की शुरूआत



**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर के लाऊ खेडी गांव (कैलाश नगर) में श्रीकृष्ण योगाश्रम का शुभारंभ सिद्ध भाऊ द्वारा हुआ। मंच पर योगगुरू महेश अग्रवाल, प्राकृतिक चिकित्सा परिषद की वर्तमान संरक्षक अर्चना जैन, समाज सेवक ज्ञानचंदानी, रमेश टेवानी आदि उपस्थित थे। डॉ कन्हैयालाल रंगवानी ने समारोह का संचालन किया। योगाश्रम में योग प्रशिक्षण शिविरों का आरंभ हो चुका है। प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन भी शीघ्र किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** | संस्कारों से जुड़ा रहना समाज की जीवंतता का प्रतीक: लालसाईंजी

# संत वासुराम जयंती महोत्सव में 51 बच्चों का सामूहिक जनेऊ संस्कार



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

236वां पूज्य बाबा 108 संत वासुराम साहिब तीन दिवसीय जन्म महोत्सव संत वासुराम दरबार में दरबार के गद्दीशीन भाईसाहिब पुरुषोत्तम लाल वासवानी के सानिध्य में मनाया जा रहा है। बुधवार को 51 बच्चों के सामूहिक जनेउ संस्कार वेदांत संत लाल साईंजी की मौजूदगी में हुए।

पंडित जय शर्मा, यश शर्मा, मनीष शर्मा ने हिन्दू रीति रिवाज एवं परंपरा के अनुसार जनेउ संस्कार सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर लाल सांई ने कहा कि संत वासुराम साहिब महान संत थे। सिंध पाकिस्तान में भी मेले लगते थे, बंटवारे के पश्चात् संत नगर में संत वासुराम दरबार में यह महोत्सव मनाया जाता है। संत वासुराम युवा समिति इस महोत्सव में जनेउ संस्कार का कार्यक्रम करती है।

इस अवसर पर पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने कहा कि हम जब छोटे थे तब से इस महोत्सव में शामिल होते आए है। भाजपा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी, महेश खटवानी, मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, थोक वस्त्र व्यवसाय अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी भी विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर दरबार के गद्दीशीन भाई साहिब पुरुषोत्तम वासवानी ने समस्त नगरवासीयों का स्वागत करते हुए लाल सांई जी का शाल व फूल मालाओं से अतिथियों व जनेउ संस्कार के बच्चों का पखर भेंटकर सम्मान किया। महोत्सव में तीन दिन कोटा की मशहूर पार्टी लखी एण्ड कवाल, दादी विदया देवी, मोतीराम एण्ड झूलेलाल पार्टी का भजन कार्यक्रम रखा गया है।

# निहारिका ने स्टेट लेवल कराते में रजत पदक जीता

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय की छात्रा निहारिका नागर ने स्टेट लेवल कराते चैम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किया है। निहारिका नागर कक्षा 8वीं की छात्रा है। जिन्होंने विद्यालय की कोच भावना यादव से रेगुलर ट्रेनिंग लेकर व सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन केडेट जूनियर एण्ड सीनियर स्टेट कराते चैम्पियनशिप उज्जैन में 13 व 14 अप्रैल को आयोजित किया की गई थी। शाला के सचिव रमेश हिंगोरान, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्राचार्य जयश्री ममतानी व शाला परिवार ने निहारिका को बधाई दी है।



# उच्च शिक्षा: मई में प्रारंभ होंगे कॉलेज प्रवेश, यूजी का चार वर्षीय आनर्स पाठ्यक्रम भी होगा शामिल

## पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाई, ड्राफ्ट शासन को भेजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 1300 से अधिक शासकीय और निजी महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। अकादमिक-सत्र 2024-25 में प्रवेश मई माह में प्रारंभ होंगे। खास बात यह भी है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस सत्र से स्नातक (यूजी) का चार वर्षीय आनर्स पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की समिति बना दी गई है। इसमें केवल उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके 7.5 सीजीपीए या उससे अधिक अंक होंगे। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। विभागीय अधिकारी के अनुसार, अब तक स्नातक चतुर्थ वर्ष का पाठ्यक्रम 80 फीसद पूरा कर लिया गया है। इसमें 78 विषय होंगे। जो यूजी कालेज स्नातक चतुर्थ वर्ष के लिए मापदंड पूरे करेंगे, उनमें ही प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। उन कालेजों को प्राथमिकता रहेगी, जहां पीजी कोर्स संचालित हैं। विद्यार्थियों के लिए आनर्स करना एच्छिक होगा, नहीं तो तीन साल बाद भी वे स्नातक की डिग्री ले सकते हैं।



फाइल फोटो

### प्रोफाइल अपडेट करने का काम प्रवेश से पहले

इस बार उच्च शिक्षा विभाग यूजी, पीजी और बीएड कॉलेजों में प्रोफाइल अपडेट करने का काम प्रवेश से पहले करवा रहा है। महाविद्यालय को ई-प्रवेश के पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करना होगा और 20 अप्रैल तक सत्यापन कराना होगा। पिछले साल निजी महाविद्यालयों ने प्रोफाइल अपडेशन सहित अन्य जानकारी प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में अपडेट की थी, जिससे बाद में सीटों बढ़ गई थी। इस कारण इस सत्र में पहले ही सीटें निर्धारित कर ली जाएगी।

### पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए 1200 विशेषज्ञ लगे

पहले स्वशासी कॉलेज में चार का आनर्स कोर्स होता था, लेकिन अब उच्च शिक्षा विभाग ने अन्य कॉलेजों को भी यह अवसर देगा। यूजी का चतुर्थ वर्ष दो तरह का रिसर्च विद आनर्स और आनर्स होगा। इसमें स्नातक वाले कॉलेजों में आनर्स का और पीजी वाले कॉलेजों में रिसर्च विद ऑनर्स का पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। विद्यार्थियों को खुद तय करना होगा कि वे इनमें से क्या लेते हैं। इस पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए 1200 विशेष लगे हैं। 12वीं का परिणाम अप्रैल अंत में घोषित होने के बाद मई के पहले या दूसरे सप्ताह से यूजी व पीजी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### गुना और राजगढ़ में पर्चे भरे गये, सभा में उतरे भाजपा कांग्रेस दिग्गज

# पहला मतदान करीब, चौथे चरण की तैयारी भी शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हाइप्रोफाइल चुनाव क्षेत्र गुना में भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया की नामांकन रैली में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के साथ पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने भी कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। इन नेताओं की मौजूदगी में सिंधिया ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार बतौर राजगढ़ से पर्चा भरा। शिवराज ने शिवपुरी में आयोजित जनसभा में कहा कि गुना-शिवपुरी-अशोकनगर लोकसभा क्षेत्र का मंगल ही मंगल होना है। ज्योतिरादित्य सिंधिया विकास पुरुष और जन-कल्याण उनके जीवन का लक्ष्य है। कांग्रेस के जमाने में तो दुनिया में कहीं भी भारत की कोई इज्जत नहीं थी, भारत को घपले-घोटालों का देश कहा जाता था। पहले छोटे-छोटे से देश हमें डराते थे, अब वही देश दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। 2014 के बाद से दुनियाभर में भारत का डंका बजा है।








### जनता को महंगाई के खूब डंडे मारे: पटवारी

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मुरैना में कांग्रेस प्रत्याशी नीटू सिकरवार की नामांकन रैली को संबोधित करते हुये कहा कि मुरैना में बिल्कुल भी रबर स्टैंप को इस बार मत चुनिएगा, नरेंद्र सिंह तोमर के कृषि मंत्री रहते 700 से ज्यादा किसानों की मौत आंदोलन करते हुई। यहां से सांसद रहते हुए यदि एक उद्योग भी उन्होंने लगवाया हो या कृषि मंत्री रहते हुए एक उन्होंने ऐसा काम किया हो जिसे लोग याद करें तो भाजपा को यह बताना चाहिए। भाजपा की तो नीति यही है की बहुत हुई महंगाई की मार विपक्ष में रहते कहते थे और जब सरकार में आए तो इन्होंने जनता को महंगाई के खूब डंडे मारे। विपक्ष में बेरोजगारी की बात करते थे सरकार में आए तो अग्निवीर बना दिया। पटवारी ने कहा कि 'ना खाऊँगा ना खाने दूंगा', मोदी का यह नारा भी जुमला साबित हुआ।

### कल से चौथे चरण के लिए नामांकन का दौर

मप्र में चौथे चरण में मध्यप्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों में 18 अप्रैल से नाम निर्देशन-पत्र भरे जायेंगे। चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास (अजा), उज्जैन (अजा), रतलाम (अजजा), धार (अजजा),इंदौर,खरगौन एवं खण्डवा में मतदान कराया जायेगा। चौथे चरण के लिए निर्वाचन की अधिसूचना गुरूवार, 18 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशियों द्वारा इसी दिन से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन शुक्रवार, 26 अप्रैल को नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार, 13 मई को मतदान होगा।

### 118 करोड़ का 'माल' जब्त

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 16 मार्च से 15 अप्रैल तक 18 करोड़ 30 लाख 13 हजार 224 रूपये नगद राशि सहित 117 करोड़ 97 लाख 15 हजार 39 रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आचरण संहिता अवधि में मात्र एक माह में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग 32 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं।

# विवादों में रहे दीपक मरावी को दतिया मेडिकल कॉलेज का डीन बनाया




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक रहते विवादों में आए डॉ. दीपक मरावी को दतिया मेडिकल कॉलेज का डी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति चयन प्रक्रिया के जरिए क गई। उनके अलावा प्रदेश के 17 मेडिकल कॉलेजों में नए डीन नियुक्त किए गए। पहली बार चयन प्रक्रिया के तहत प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में डीन की नियुक्ति की है, जो अगले पांच वर्षों के लिए होगी। डॉ. कविता एन सिंह को भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज का डीन नियुक्त किया है।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी चयन सूची के अनुसार डॉ. संजय दीक्षित को इंदौर, डॉ. देवेंद्र कुमार शाक्य को शिवपुरी, डॉ. परवेज अहमद सिद्दीकी को सिवनी, डॉ. अनिता मुथा को रतलाम, डॉ. नवनीत सक्सेना को जबलपुर, डॉ. शशि गांधी को मंदसौर, डॉ. गिरीश भागेश्वर रामटेके को शहडोल, डॉ. राजधर दत्त को सिंगरौली, डॉ. संजय दादू को खंडवा, डॉ. राजेश गौर को श्योपुर, डॉ. प्रेमचंद्र सिंह ठाकुर को सागर, डॉ. गीता गुईन को ग्वालियर, डॉ. मनीष निगम को विदिशा, डॉ. सुनील अग्रवाल को रीवा, डॉ. अक्षय कुमार निगम को छिंदवाड़ा, डॉ. अरविंद घनघोरिया को नीमच और डॉ. दीपक मरावी को दतिया मेडिकल कॉलेज का डीन नियुक्त किया है।

# 11 मई को होगा द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में 11 मई को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बीते दिनों प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी न्यायाधीशगण की बैठक आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती शर्मा, जिला न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, अरविन्द शर्मा सहित अन्य सभी नोडल अधिकारी न्यायाधीशगण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भोपाल पूर्व में नेशनल लोक अदालतों में प्रकरणों में निराकरण के मामले में अव्वल रहा है, आप सभी से अपेक्षा है कि आप सभी इस बार भी एक माह पूर्व से ही लोक अदालत की तैयारी में जुट जाएं सफलता अवश्य मिलेगी। आरती शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन से आव्हान किया है कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर कर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

**मेट्रो एंकर** इस बार 16 लाख मानक बोरा से अधिक तुड़ाई करने का लक्ष्य

# मप्र का तेंदूपत्ता संग्रहण पर जोर, मई माह के पहले सप्ताह से होगी तुड़ाई


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र ने तेंदूपत्ता संग्रहण पर जोर बढ़ाया है। इस बार रिकार्ड 16 लाख मानक बोरा से अधिक तुड़ाई करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए प्रयास भी शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में यह तुड़ाई मई के पहले सप्ताह में शुरू की जानी है। वन मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक तेंदूपत्ते की तुड़ाई से पहले वरिष्ठ अधिकारियों को मैदान में भेज दिया है। बीते वर्ष तक वृत्त के सीसीएफ, सीएफ व डीएफओ ही यह काम दिखवाते थे। इस बार मुख्यालय के अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। इन्हें क्षेत्रवार दौरे करने, वहां के लोगों से मिलने, तेंदूपत्ते का संग्रहण करने वाली समितियों के पदाधिकारियों से मिलने और उनकी समस्याओं को सुनकर दूर करने के लिए कहा है।



### दूसरे राज्यों में भी बढ़ रही मांग

मप्र के तेंदूपत्ते की मांग दूसरे राज्यों में भी बढ़ रही है। राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु के व्यापारी पत्ते की मांग कर रहे हैं। हालांकि मप्र का ज्यादातर पत्ता मप्र के व्यापारी ही खरीद रहे हैं। बीते वर्षों की तुलना में इस बार पत्ते की मांग अधिक थी, लेकिन लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण नहीं हो पाया था। शासन-प्रशासन ने भी संग्रहण पर जोर बढ़ाया है। जिसका मकसद आदिवासी परिवारों की आर्थिक आय बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि 15 लाख से अधिक परिवार तेंदूपत्ता से जुड़े हैं। औसतन एक परिवार एक सीजन में 1 से 2 मानक बोरा पत्ता तोड़ते हैं। वन विभाग एक बोरे के 4000 रुपये भुगतान करता है। इसके अलावा बोनस की राशि अलग से मिलती है जो कि इस वर्ष प्रति मानक बोरा 400 रुपये तक बोनस दिया जाना है।

कुछ कर सकने में सफलता आती है और कुछ ना कर सकने में असफलता आती है।

## संपादकीय

# संभावनाओं के बीच दुगर्ति

एक साधनसंपन्न देश की तरक्की में आने वाली दिक्कतें उसे किस रूप में संकट या असमंजस से घेर देती हैं, यह बात ईरान पर सटीक तौर पर लागू हो सकती है। यह ऐसा देश है जो बरसों बरस युद्ध लड़ता रहा या अपने ही भीतर के विरोधाभास में घिरकर पिसता रहा है, जबकि ईरान में वह क्षमता रही है कि वह तब भी और अब भी पश्चिम एशिया की एक आधुनिक ताकत बन सकता था लेकिन विदेशी दखल और धर्मगुरुओं (आयतुल्लाह) ने इसे बर्बाद करके रखा दिया है। अब हाल ही में, इजरायल पर ईरानी ड्रोन और मिसाइलों की हमले ने ईरान को दोबारा पश्चिम एशिया में एक बड़े खतरे के रूप में पेश किया है। ईरान को शांति के खिलाफ रहने वाला देश माना जाने लगा है। ईरान ने हिजबुल्लाह से लेकर हूती विद्रोहियों तक कई क्षेत्रीय गुटों को खड़ा किया है, जो उसके रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करते हैं। देश के अंदर मुस्लिम धर्मगुरु सख्त नियंत्रण रखते हैं और कट्टरपंथी इस्लाम को थोपते हैं और ईरानी महिलाओं की आजादी छीन लेते हैं। आज ईरान में महिलाओं पर बंदिशें और उन पर पुलिसिया जुल्म की कई कहानियां सामने आती हैं लेकिन सच तो यह भी है कि हमेशा से ईरान में ऐसा नहीं था। इसीलिये ईरान एक महान आधुनिक ताकत बन सकता था। ईरान के लिए एक बड़ा बदलाव करीब सत्तर साल पहले आया था जब आया, जब लोकतांत्रिक रूप से चुने गए ईरानी प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देघ के खिलाफ तख्तापलट हुआ। सीआईए समर्थित इस तख्तापलट ने ईरान की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को भारी चोट पहुंचाई। मोसद्देघ ने ईरान को वास्तविक अधिकार-आधारित लोकतंत्र में बदलने के उद्देश्य से कई सुधार किए थे। इस तख्तापलट ने शाह मोहम्मद रेजा पहलवी के हाथों में सत्ता केंद्रित कर दी, जिसने एक क्रूर शासन स्थापित किया और धर्मगुरुओं की इस्लामी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। ईरान पर 40 साल से पश्चिमी देशों की पाबंदियां लगी हुई हैं। इससे ईरानी अर्थव्यवस्था का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है, लेकिन यह पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हुआ है। ईरान की मजबूती इस बात से पता चलती है कि वे खुद के ड्रोन और मिसाइल बनाते हैं, उनका परमाणु प्रोग्राम गुप्त रूप से चल रहा है और वो अभी भी तेल का निर्यात कर रहे हैं। ईरान की आबादी लगभग 9 करोड़ है और शिक्षा के स्तर में वो पश्चिम एशिया में सबसे ऊपर है। वहां सत्तर फीसद विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के स्नातक महिलाएं हैं। यानि ईरान को पाबंदियों से मुक्ति मिल जाए तो इन प्रतिभाओं का क्या योगदान हो सकता है इसकी कल्पनाभर से इस देश की तरक्की की तस्वीर उभर जाती है। परमाणु समझौते से ईरान को एक सामान्य देश बनने की उम्मीद जगी थी लेकिन ट्रम्प ने उस समझौते को खत्म कर दिया और बाइडन ने उसे आगे नहीं बढ़ाया। इससे ईरान विरोधी धर्मगुरु खुश हो गए, इजरायल और सऊदी अरब खुश हो गए मगर आम ईरानी निराश हो गए, जिन्हें लगता है वो इस्लामिक देश में फंसे चुके हैं। उनके बेहतर जीवन का दरवाजा फिर से बंद हो गया। ईरान की स्थिति वैसी ही विद्रोही और अछूत देश की बनी हुई है। अब ईरान के शासकों ने इजराइल से मोर्चा खोल लिया है,यह भी उसे पीछे ही ले जाएगा। ईरान को धर्म की जरूरत और तरक्की की अनिवार्यता में संतुलन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, उसके नागरिकों को सामाजिक आजादी की भी दरकार है।

# गांवों से मिल रही अर्थव्यवस्था को नई दिशा

## जीडीपी पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टस से भी तस्दीक

**जयंतीलाल भंडारी**

इन दिनों भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने का नया परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। 10 अप्रैल को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के संकेत दिख रहे हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी।गौरतलब है कि भारत के गांवों में न केवल कृषि संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, बल्कि फ्रिज, दो पहिया वाहन और टीवी की खरीदारी उच्च स्तर पर है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। विश्व में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि का प्रमुख उत्पादक माना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले दस वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। कृषि बजट में दस वर्षों में पांच गुना वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब तीन लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई





वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है। कृषि ऋण समितियों, किसान समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग लगाने के लिए सरकार की क्रेडिट गारंटी और ब्याज में रियायत कृषि में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने जैसे जो रणनीतिक प्रयास किए हैं, उनसे भी काफी किसान लाभान्वित हुए हैं। देश में प्राकृतिक यानी जैविक खेती को विशेष प्राथमिकता दिए जाने से प्राकृतिक खेती ग्रामीण भारत के विकास का एक और नया माध्यम बनते हुए दिखाई दे रही है।

जहां कोविड-19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं दुनिया भर में भारत अपने कृषि उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा, विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 फीसदी से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है।

यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। हम उम्मीद कर सकते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कराहट बढ़ती दिखाई दे सकेगी।

**- साभार**

## आज का इतिहास

- 1524 जियोवान्नी वेराजानो ने न्यूयॉर्क खाड़ी की खोज की।
- 1704 पहला अमेरिकी अखबार; बोस्टन में जॉन कैंपबेल द्वारा प्रकाशित किया गया।
- 1711 अपनी भाई यूसुफ के मरने बाद चार्ल्स रोमन का सम्राट बना।
- 1747 फ्रेंच सैनिकों ने ज़ीव्स-फ्लैंडर्स, नीदरलैंड्स पर कब्जा किया।
- 1758 फ्रांसिस विलियम्स (पहला यूएस ब्लैक कॉलेज स्नातक) ने कविताओं को प्रकाशित किया।
- 1774 थिएफिलस लिंडसे द्वारा लंदन में एस्केस्ट स्ट्रीट चैपल का पहला स्पष्ट रूप से यूनिटेरिअन मंडल स्थापित किया गया।
- 1797 वेरोना, इटली के नागरिकों ने फ्रांसीसी कब्जे वाली सेनाओं के खिलाफ एक असफल आठ-दिवसीय विद्रोह शुरू किया।
- 1861 अमेरिकी नागरिक युद्ध- वर्जीनिया संयुक्त राज्य संघ से अलग हुआ।
- 1875 सर नेविले चैंबरलिन ने स्नूकर का अविष्कार किया।
- 1876 फ्रेंड्स अकादमी की स्थापना गइडन फ्रॉस्ट द्वारा लोकस्ट वैली न्यूयॉर्क में हुई।
- 1895 जापान और चीन के बीच शिमोनोसेकी का समझौता हुआ।
- 1907 ब्राजील एक खूंखार युद्धपोत पर निर्माण शुरू करने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया, जिसने एक बहुत ही महंगी दक्षिण अमेरिकी नौसैनिक हथियारों की दौड़ को जन्म दिया।
- 1912 रूसी साम्राज्य की सेना के सैनिकों ने लीना नदी के पास पूर्वोत्तर साइबेरिया में हड़ताली स्वर्णकारों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 150 लोगों की मौत हो गई।
- 1941 द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- 1942 द्वितीय विश्व युद्ध-बंद फ्रांसीसी जनरल हेनरी जिराउड कोनिस्टीन कैसल में जर्मन कैद से भाग गया।
- 1946 सीरिया ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1946 फ्रांस के शासन से सीरिया को स्वतंत्रता दी गई थी।
- 1951 पीक जिले को यूनाइटेड किंगडम में पहला राष्ट्रीय उद्यान नामित किया गया था।
- 1961 क्यूबा द्वारा निर्वासित कास्त्रो को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से ष्ट्ढ द्वारा समर्थित सशस्त्र क्यूबा के निर्वासित क्यूबा, क्यूबा की खाड़ी में घुसपैठ कर रहा था।
- 1969 सरहान सरहन को यूनाइटेडस्टेट्स के सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी की हत्या का दोषी ठहराया गया था।
- 1971 मिस्र, लीबिया और सीरिया ने मिलकर यूनाइटेड अरब स्टेट बनाने के लिए संघ का गठन किया।
- 1971 पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश का गठन 1971 में हुआ था। इस आंदोलन का नेतृत्व शेख मुजीब उर-रहमान ने किया था।
- 1973 जॉर्ज लुकास ने द स्टार वार्स नामक एक 13-पृष्ठ फिल्म उपचार लिखना शुरू किया।
- 1975 पोल पॉट के तहत खमेर रूज ने कम्बोडियन गृहयुद्ध को समाप्त करने, नोम पेन्ह पर कब्जा कर लिया और डेमोक्रेटिक कम्पुचिया की स्थापना की।
- 1982 कनाडा का एक नया देशभक्त संविधान, जिसमें कनाडा के चार्टर ऑफ राइट्स एंड फ्रीडम शामिल हैं, कनाडा में लोगों के कुछ राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने के इरादे से अधिकारों का बिल, कनाडा की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा कानून में हस्ताक्षरित किया गया था।
- 1993 अंतरिक्ष यान एसटीएस-56 डिस्कवरी धरती पर वापस लौटा।

## निशाना

### हो रहा विध्वंश !



युद्ध चढ़ा परवान ।
लगता ना विराम ।।
छूट गया अब हाथ से ।
पूरी ही लगाम ।।
हो रहा विध्वंश ।
है चर्चा यह आम ।।
हो के रहेगा लगता ।
काम अब तमाम ।।
अड़ गए हैं दोनों ।
एक से बढ़कर एक ।।
बढ़ रही है चिंता ।
वैश्विक भी अनेक ।।
जान माल का खतरा ।
ना अब थमने वाला ।।
छाया अंधकार है ।
दिखता ना उजाला ।।

**रामजन्मोत्सव पर विशेष**

# 'राम प्रकट हुए थे या उन्होंने जन्म लिया था'

**विजय बुधोलिया**

वाल्मीकि रामायण में महर्षि वाल्मीकि यदि रामजन्म के प्रसंग को स्वयं लिखते, तो वे राम के अयोनिज जन्म लेने, अर्थात उन्हें सहसा शिशु के रूप में प्रकट होना बताते, अथवा सामान्य शिशुओं जैसे अपनी माता के उदर से जन्म लेने की बात लिखते। किन्तु, इस जिज्ञासा का कोई समाधान नहीं है। क्योंकि, महर्षि ने बालकांड और उत्तरकांड स्वयं लिखा ही नहीं था। उन्होंने अपनी रामायण में अयोध्याकांड से युद्धकांड तक की कथा लिखी थी। विद्वानों का मत है कि वाल्मीकि रामायण में बालकांड और उत्तरकांड बाद में जोड़े गए हैं। रामकथा मर्मज्ञ बतलाते हैं कि महर्षि वाल्मीकि का उद्देश्य महानायक राम के 'पुरुषोत्तम' स्वरूप को जनमानस के सामने लाना था, ताकि समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत हो सके और समाज उसे अपना सके। न कि ईश्वर की लीला के रूप में। क्योंकि, यदि उनके सम्पूर्ण चरित्र को ईश्वर की मानव लीला मान लिया जाता है तो फिर वह चरित्र सामान्य व्यक्ति के लिए अनुकरणीय नहीं रह जाता। वह केवल श्रद्धा-भक्ति, पूजा-आराधना का विषय बन कर रह जाता । फिर भी कालांतर में श्रीराम को भगवान विष्णु का अवतार मानने की अवधारणा प्रबल होने लगी। जिसका भरपूर दिग्दर्शन वाल्मीकि रामायण के बालकांड और उत्तरकांड और मूल कथा में अनेक स्थानों में जोड़े गए प्रक्षेपकों में होता है।

किन्तु,अब श्रीराम को ब्रह्म का पूर्णावतार ही माना जाता है। क्योंकि, अध्यात्म रामायण और संत तुलसीदास ने रामचरित मानस के माध्यम से इसी भावना को जन-जन में आरोपित किया है।मानस में उन्होंने अथ से इति तक श्रीराम का चित्रण परब्रह्म के रूप में ही किया है। मानस में वे कभी भी और कहीं भी इससे इतर सोचने का अवकाश नहीं देते। यदि एक पंक्ति में वे राम को मानव के रूप व्यवहार करते दिखाते हैं,तो अगली ही पंक्ति में तुरंत इसे परब्रह्म की मानव लीला सिद्ध कर देते हैं। उनके मन में इस बात को लेकर तनिक भी संदेह नहीं था कि उनके आराध्य परब्रह्म से भिन्न कोई और हैं। वे लिखते हैं %बिप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह





मनुज अवतार। निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार।। वाल्मीकि रामायण,हरिवंश, विष्णुपुराण आदि के अनुसार राम,भरत आदि चारों भाई विष्णु के एक-एक चतुर्थांश से समन्वित हैं।भक्तिभाव के पल्लवित होने पर राम परब्रह्म के पूर्णावतार माने जाने लगे और लक्ष्मण,भरत और शत्रुघ्न क्रमश~शेष,शंख और सुदर्शन के अवतार।वाल्मीकि के बाद की रचनाओं में राम की बाललीला के वर्णन में भागवत पुराण की कृष्ण की बाललीला का अनुसरण किया गया प्रतीत होता है। अध्यात्म रामायण में राम का नटखटपन,माखन चोरी, बरतनों का फोड़ना आदि वर्णित है, जो स्पष्टत~भागवत पुराण पर निर्भर है। यह वर्णन आनन्द रामायण और राम रहस्य में भी पाया जाता है। सत्योपख्यान में राम द्वारा जलपात्र में प्रतिबिंबित चन्द्रमा को पकड़ने के प्रयास का वर्णन है। तुलसीदास जी ने अपनी कवितावली तथा गीतावली के वर्णन में सूरसागर की कृष्ण-बाललीला का अनुकरण किया है।

रामभक्ति का इतना गहन वातावरण सदा से नहीं था।यद्यपि भारतीय भक्तिमार्ग का बीजारोपण वैदिक साहित्य में ही हो चुका था,फिर भी वह शताब्दियों के बाद ही भागवत सम्प्रदाय में पल्लवित हो सका।भागवतों के इष्टदेव वासुदेव कृष्ण विष्णु के अवतार माने जाने लगे।जिसके कारण भक्ति-भावना इन्हीं विष्णु-वासुदेव कृष्ण में केन्द्रित होकर विकसित होने लगी। बाद में राम भी विष्णु के अवतार माने गए।पर फिर भी राम के अवतार स्वीकृत हो जाने के शताब्दियों बाद रामभक्ति की शुरुआत हो पाई। प्रौढ़ रामभक्ति की प्राचीनतम रचनाएं तमिल आल्वार संतों की हैं।इसके बाद बारहवीं शती में रामानुज-सम्प्रदाय के अन्तर्गत राम भक्ति और रामोपासना से संबंधित संहिताओं और उपनिषदों की रचनाएँ शुरू हुईं।आगे चलकर रामानंद और रामावत सम्प्रदाय के कारण रामभक्ति जनसामान्य की धार्मिक चेतना का अंग बन गई।उस समय बहुत सी साम्प्रदायिक रामायणों की रचना हुई।जिनमें कंबनकृत तमिल रामायण, तेलुगु द्विपद रामायण,मलयालम रामचरितम्, कन्नड तोरवे रामायण,असमिया माधवकंदली रामायण,बंगाली कृतिवास रामायण,हिन्दी रामचरित मानस,उडिया बलरामदास रामायण और मराठी भावार्थ रामायण हैं। किन्तु,%आध्यात्म रामायण% निर्विवाद रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। चौदहवीं सदी से समस्त रामकथा साहित्य भक्तिभाव से ओतप्रोत होता गया और इसका समस्त वातावरण बदल गया। राम विष्णु के अँशावतार न रहकर परब्रह्म के पूर्णावतार माने जाने लगे, सीताहरण और रावणवध को नया रूप दिया गया और कथानक के अन्य गौण प्रसंगों का दृष्टिकोण भी बदलने लगा। माता सीता राक्षस रावण के वश में हुई थीं,यह विचार भक्तों को असह्य मालूम होने लगा। इसलिए उनकी मर्यादा की रक्षा के लिए भक्तों ने सीता की एक छाया मात्र का हरण स्वीकार किया। मूल रामकथा में रावण ने कामवासना से प्रेरित होकर सीता का हरण किया था और दंडस्वरूप राम द्वारा पराजित होकर मारा गया था। भक्ति की भावना बढ़ने पर यह धारणा भी बनी कि कृष्ण और राम का नाम स्मरण मात्र से ही मुक्ति प्रदान करता है चाहे वह वैर भाव से ही क्यों न हो। जो कोई कृष्ण या राम के हाथों मारा जाता है वह परम पद प्राप्त कर लेता है। इसलिए यह माना गया कि रावण ने मोक्ष पाने के उद्देश्य से ही सीता का अपहरण किया था (सुर रंजन भंजन महि भारा, जो भगवंत लीन्ह अवतारा।। तौं मैं जाई बैरु हठि करऊँ। प्रभु सर प्रान तजें भव तरऊँ।।)और राम के हाथों मर कर उसने सायुज्य मुक्ति प्राप्त की थी। इस तरह रामकथा अनेक सोपानों को पार करती हुई धीरे-धीरे सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति में व्याप्त हो गई। मानव हृदय को आकर्षित करने की जो शक्ति रामकथा में मौजूद है,वह अन्यत्र दुर्लभ है।

**- साभार**

## बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों का चोर उठा रहे हैं लाभ

# फर्जी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से सोने की चेन लेकर रफू चक्कर हुए बदमाश



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर में नगर पालिका की लापरवाही और नगर पालिका अधिकारियों की हठ्धार्मिता के कारण आज नगर में पूर्व परिषद द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरा सभी दूर के बंद पड़े हुए हैं। नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी के कारण आज नगर का आम आदमी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है। सीडी कैमरे बंद होने के कारण ही बीते रोज एक ज्वेलर्स की दुकान पर दो युवक ग्राहक बनकर आए। उन्होंने फर्जी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन दिखाकर सोने की चेन लेकर रफू चक्कर हो गए। सिवनी मालवा के उप नगर बानापुरा स्थित साहू ज्वेलर्स शॉप पर ग्राहक बनकर आए दो युवकों ने दो तोले की सोने की चेन 1,57500 रूपए की चैन खरीदी। युवकों ने ऑनलाइन पेमेंट कर दिया है, जिसका मैसेज उन्होंने दुकानदार को दिखाया। थोड़ी देर बाद दुकानदार द्वारा जब बैलेंस चेक किया गया तो पेमेंट मौजूद नहीं था। जब तक यह दोनों जो कि फर्जी ग्राहक बनकर आए थे दुकान से नौ दो ग्यारह हो गए। दुकानदार ने उन्हें देखना चाहा मगर उनका कुछ पता नहीं चला। दुकानदार मनीष साहू ने सिवनी मालवा थाने में शिकायत की। पुलिस ने सोमवार को दो अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इनका कहना है**

*इस मामले में हमने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ 420 की धारा का केस दर्ज किया है। इसके साथ ही पूरे शहर के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाशों का पता लगा लिया जाएगा।*

***उषा मरावी,** थाना प्रभारी सिवनी मालवा*

# बीएलओ मतदाता पर्ची के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए कर रहे प्रेरित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। सभी मतदाताओं को मतदान करने में आसानी हो एवं उन्हें आसानी से अपना मतदान केन्द्र मिल जाए इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी बीएलओ मतदाताओं के घर घर जाकर उन्हें मतदाता पर्ची वितरित कर रहे है। स्पष्ट किया गया है कि मतदाता पर्ची मतदान का अधिकार नहीं है। मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी क्रम में होशंगाबाद जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में नर्मदापुरम शहर के वार्ड क्रं 18,31,33,30, में बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। इसी प्रकार पिपरिया, सोहागपुर, बनखेड़ी, इटारसी, में भी बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची बांटी जा रही है। सिवनी मालवा के ग्राम बेंगनिया में भी बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची बांटी गई।



## आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरणों में अधिकारी तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित करें

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम की कमीशनिंग की जाए: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

ईवीएम की कमीशनिंग के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों के एजेंट की उपस्थिति में ही की जाए। कमिशनिंग के पहले सभी राजनीतिक दलों को लिखित में इसकी सूचना देवे। स्ट्रांग रूम भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही खोला जाए। मॉक पोल की कार्रवाई के दौरान भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने निर्वाचन संबंधित तैयारियो की बैठक में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की कमीशनिंग के दौरान कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। इंजीनियरों की टीम की ड्यूटी लगाई जाए। सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी ईवीएम कमिशनिंग को गंभीरता से लेवे। कलेक्टर ने कहा कि यदि कमिशनिंग के दौरान ईवीएम खराब होती है तो उसको अलग कक्ष में स्टोरेज किया जाए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत यदि कहीं भी आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आता है तो ऐसे मामलों में त्वरित गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वीप की गतिविधियां लगातार चलाने के निर्देश दिए और कहा की जिन मतदान केंद्रों में गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। वहां पर मतदाता जागरूकता की विशेष गतिविधियां लगातार चलती रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों से कहा कि होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में मतदान को अब मात्र 10 दिन शेष बचे हैं। अतः सभी अधिकारी पूरी एकजुटता एवं गंभीरता से अपने-अपने सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा से पूरा करें। हर चीज की बारीकी से तैयारी करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बताया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं अधिकारियों के तथा मतदान दल के बस ड्राइवर, क्लीनर एवं हेल्पर को भी ईडीसी जारी कि जाएंगी। जो पात्र हैं उन सबको ईडीसी जारी करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख या सुनिश्चित करेंगे की उनके अधीनस्थों को ईडीसी जारी हो जाए और समय पर भरकर जमा भी हो जाए।

बताया गया कि 19 अप्रैल से मतदान कर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। यह अंतिम प्रशिक्षण है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए की जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी एनालिसिस करके ट्रेनिंग को रोचक बनाएं। उन्होंने गत प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तावित करें।कलेक्टर ने वीवीपैट मशीन की पर्ची के संबंध में निर्देश देते हुए कहा की यदि किसी विधानसभा में वीवी पेट

## स्वीप की गतिविधियां लगातार चलती रहे:जिला निर्वाचन अधिकारी



मशीन की पर्ची के लिए शेडिंग मशीन यदि कहीं पर कम पड़ रही है तो वहा अतिरिक्त उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों के एवं मतदान दल के वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। उन्होंने जीपीएस के लिए अलग से एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी मतदान दल के लिए मेडिकल किट तैयार रखें। मतदान दल की रवानगी से पूर्व सभी मतदान दल को मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा एक बार इसका ड्राई रन भी करें।

कलेक्टर ने सभी अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए और कहां की कंट्रोल रूम में तहसीलदार स्तर के व्यक्ति की ड्यूटी लगाई जाएगी। यह व्यक्ति मतदान के दिन आने वाली शिकायत को प्राप्त करेंगे एवं तत्काल अपनी रिपोर्ट भी भेजेंगे। कंट्रोल रूम में कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर रहेंगे। कलेक्टर ने सभी नंबरों को एक बार क्रॉस चेक करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि मतदान दल को पीठासीन की डायरी, हैंडबुक दिए जाएंगे ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई महसूस होने पर इसकी मदद से वे समस्या का निराकरण कर सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतदान दल के लिए सामग्री के थैली बनाना सुनिश्चित करें। थैली में मतदान दिवस की सभी आवश्यक सामग्री रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी रविंद्र सिंह को थैली में भरी गई सामग्री को चेक करने के निर्देश दिए।बैठक में बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए मत प्रतिशत एप भी बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी अपने स्तर पर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर लें।

### 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जाएगी

लोकसभा निर्वाचन के दौरान 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने स्तर पर टेक्निकल व्यक्तियों की ड्यूटी वेबकास्टिंग के लिए लगाए। उन्होंने वीडियोग्राफी के लिए एवं वेब कास्टिंग के लिए पृथक से एक नोडल अधिकारी बनने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दल के नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्व सहायता समूह के माध्यम से एवं शहरी क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा उपरोक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी मतदाता पर्ची का वितरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में नगरीय क्षेत्रो में आयोजित की जा रही स्वीप की गतिविधियों की समीक्षा की। सिवनी मालवा की नगर पालिका अधिकारी ने बताया की कठपुतली के कार्यक्रम आयोजित कर एवं घर-घर जाकर तथा दीवार लेखन करके मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इटारसी की नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि होल्डिंग, वॉल पेंटिंग से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर पालिका अधिकारी नर्मदा पुरम ने बताया कि 10 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां पर मतदान का प्रतिशत कम रहता है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला कोषालय के डबल लॉक का निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने जिला कोषालय स्थित डबल लाक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मापदंडों हेतु निर्धारित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हे कि नहीं इसका अवलोकन किया। कलेक्टर नें डबल लॉक में वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा करने की जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर डीके सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, जिला कोषालय अधिकारी नितेश कुमार उईके एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



बताया गया कि होम वोटिंग में सोहागपुर विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के चार एवं पिपरिया विधानसभा में दिव्यांग श्रेणी के एक मतदाता इस तरह कुल पांच, मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

होशंगाबाद विधानसभा से अनिवार्य सेवाओं से संबंधित सात मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। जिले में अनुपस्थित मतदाताओं की श्रेणी में 85 प्लस के 586 तथा दिव्यांग श्रेणी के 235 एवं अनिवार्य सेवाओं के सात मतदाताओं सहित कुल 828 मतदाताओं को चिन्हित किया गया। सिवनी मालवा विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के 134 दिव्यांग श्रेणी के 85, होशंगाबाद विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के 112 दिव्यांग श्रेणी के 58 अनिवार्य सेवाओं के सात मतदाताओं नें सेवाओं का लाभ लिया। सोहागपुर विधानसभा में 85 प्लस के 233 दिव्यांग श्रेणी के 39 एवं पिपरिया विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के 89 दिव्यांग श्रेणी के 49 व्यक्तियों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। इस तरह जिले में कुल 806 मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

उक्त सभी मत पत्रों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कोषालय स्थित डबल लॉक में सुरक्षित रखा गया है। इस दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी से मनोहर लाल बडानी एवं कांग्रेस से विकास मोरे एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत बनखेड़ी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के जनपद पंचायत बनखेड़ी के ग्राम पंचायत चांदौन एवं उमरधा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई और शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ली गई। सीईओ जनपद पंचायत बनखेड़ी ने बताया की मतदान दिवस 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए स्वीप गतिविधियों के तहत दीवार लेखन, रैली और मतदाता शपथ का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता रैली में सचिव ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो: सीईओ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने उक्त कार्यवाही करने के लिए जमीनी स्तर पर निरीक्षण करने के सर्व संबंधितों को निर्देश दिए है। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत ने विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। श्री रावत ने उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर संबंधितों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इस अवसर पर श्री रावत ने मंडी बानापुरा में किसान संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा की। श्री रावत ने खरीद में तेजी लाने एवं उपार्जन केन्द्र पर और अधिक सुविधा बढ़ाने के निर्देश सर्व संबंधितो को दिए। सीईओ श्री रावत ने मंडी सचिव को मंडी में किसानो द्वारा लाए जा रहे गेहूँ की गुणवत्ता और दर का विश्लेषण करने के भी निर्देश दिए। श्री रावत ने समस्त उपार्जन केन्द्रों में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे उर्पाजन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए हर स्तर पर व्यवस्थाएं सुदृण करें।



**मेट्रो एंकर**

## जेलर की शिकायत करने के बाद जेल में हो रहे हैं सुधार

# शिकायत करने वाले जेल प्रहरी को मिल रही नौकरी से हटाने की धमकी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा उप जेल सिवनी मालवा के कर्मचारियों ने ही जेलर के खिलाफ शिकायत कर जेल में हो रही भारी अनियमित्या की शिकायती आवेदन जब वरिष्ठ अधिकारियों को देने के बाद सिवनी मालवा की उप जेल फिर एक बार सुर्खियों में आ गई है। वही सूत्रों की माने तो अखबारों में खबर छपने के बाद जेल के अंदर बंदिओ को दी जाने वाली भोजन व्यवस्था में सुधार हुआ है,अब किसी भी बंदी के परिजनों से बाहर का सामान नहीं लिया जा रहा है साथ ही बिगर लेनदेन के ही बंदी के परिजनों को मिलाया जा रहा है। यहां तक की अलग-अलग बंधिया को और कर्मचारियों को अलग-अलग सीख दी जा रही है।सिवनी मालवा की जेल अखबारों की सुर्खियों में बनने के बाद शिकायतकर्ता को सहायक अधीक्षक जेल ऐश्वर्य मिश्रा द्वारा जेल प्रहरी प्रशांत जायसवाल को धमकाने का मामला भी सामने आ रहा है। इसको लेकर प्रहरी ने जेल अधीक्षक को पत्र लिखकर शिकायत की है और जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। प्रहरी का कहना है कि मेरे साथ दुव्यवहार किया जा रहा है। मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है और मेरे साथ अत्याचार हो रहा है। उनका कहना था कि बिना तलाशी के सामान अंदर कराया जा रहा है। गेट पर दबाव बनाकर धमकी मिल रही है। गेट पर ड्यूटी के बाद भी दूध सहित अन्य सामान की एंट्री नहीं करवाई जा रही और सहायक अधीक्षक द्वारा दुव्यवहार किया जा रहा है। बिना तलाशी के ही अंदर कर लिया जा रहा है।



### सरकारी दफ्तरों की फोटो खींचने के आरोप में धमका रहे हैं

इसके साथ ही जेल प्रहरी प्रशांत ने पत्र के माध्यम से जेल अधीक्षक को अवगत कराया की उस पर सहायक अधीक्षक द्वारा सरकारी दफ्तरों की फोटो खींचने का आरोप लगाया गया। उसका मोबाइल चेक कराया गया। इसके साथ ही चैट खुलवाएं, उसकी निजता का उल्लंघन किया गया। शिकायत करने पर सहायक अधीक्षक जेल द्वारा मेरे साथ गलत कार्रवाई की जा रही है। स्टाफ के सामने मुझे धमकी दी जा रही है। यह सारी बातें वहां सीसीटीवी में भी कैद हो रही है।

### शिकायत करने पर मुझे कर रहे परेशान

जेल प्रहरी ने अत्याचार की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि अनियमितता, पद का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को लेकर जेल प्रहरियों सहित समस्त स्टाफ ने एसडीएम सरोज सिंह परिहार और जेल महानिदेशक संतोष सोलंकी को ज्ञापन सौंपा था। स्टाफ ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया कि सहायक अधीक्षक जेल आचार संहिता का पालन नहीं कर रहे हैं। मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश के बाद भी वे ईद जैसे सतर्कता दिवस पर अनुपस्थित थे।वरिष्ठ अधिकारियों को बताया गया कि जेल अधीक्षक ने परिसर में हरे भरे वृक्षों को कटवाया, गैस सिलेंडर कैदियों के भोजन के लिए आता है उसे अवैध तरीके से बाहर भिजवाने की भी बात स्टाफ ने कही थी

### वरिष्ठ अधिकारी को पत्र लिखकर हो रहे अत्याचार पर कार्रवाई की मांग

सिवनी मालवा जेल के प्रहरी प्रशांत जायसवाल का कहना है कि जब से इनकी शिकायत की है एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है तब से अभद्र व्यवहार मेरे साथ किया जा रहा है। उन्होंने जेल अधीक्षक को पत्र के माध्यम से बताया कि मुझे धमकी देकर मुझ पर आरोप लगाया जा रहे हैं। मैं सही तरीके से नौकरी नहीं कर पा रहा हूं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी से तुरंत जांच करने की मांग की है। जायसवाल का कहना है कि जब हम ड्यूटी गए तो हमें धमकी दी गई। गेटकीपर का चार्ज दिया गया और कहा कि तुमने मेरी शिकायत की है। गेट पर बिना चेकिंग के ही सामान अंदर करवाया जा रहा है।

सेवा समाप्ति के बाद भी चल रही सरकारी नौकरी

# 10 साल से मिल रहा है वेतन, किस की मिलीभगत से संभव, जिम्मेदार कौन?




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय लापरवाही और घोटालों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है एक बार फिर शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि विगत 2014 में मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहने एवं फर्जी कुपोषित बच्चों की रजिस्टर में एंट्री करने के मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एनआरसी वार्ड में कार्यरत संविदा तैनात रुबीना खान की सेवाएं समाप्त कर दी गई थी इसके बाद ऐसा क्या हुआ कि रुबीना खान आज भी एनआरसी बार्ड में कार्य कर रही है। सेवा समाप्ति के बाद कैसे हर माह वेतन निकाला जा रहा है और किसके आदेश पर यह पुनः नियुक्ति हुई यह बड़ा गंभीर सवाल है । क्योंकि संविदा कर्मी की यदि सेवाएं समाप्त हो जाए तो उसको वापस रखना संभव नहीं होता है पर इस मामले में आखिर ऐसा क्या हुआ है, की सेवा समाप्ति के बाद भी नौकरी समाप्त नहीं हुई सीएमएचओ के आदेश के बाद भी सेवा चल रही है हर महीने तभी से वेतन भी निरंतर डाली जारी हो रही है आखिर ऐसा किसके इशारे और किसी की मिली भगत से हो रहा है।

### 15 लाख का दिया जा चुका है वेतन

वर्ष 2014 से अभी तक वेतन के नाम पर लगभग 15 लाख से अधिक राशि निकाली गई है । यह सभी सेवा समाप्ति के बाद भी संबंधित व्यक्ति को हर माह किस आधार पर यह वेतन दिया जा रहा है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा । लगभग 10 साल का समय बीत चुका है फिर भी किसी ने कोई जानकारी नहीं जुटा या फिर इस मामले को जानबूझकर दबाए रखा है इसकी सही जांच हो तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

### इनका कहना है -

*पुराना मामला है मेरे संज्ञान में जैसे ही आया है तो मने तत्काल मामले को मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया है। सीएमएचओ के द्वारा सेवा समाप्ति के बाद कैसे सेवाएं चल रही हैं उसकी जानकारी ले रहा हूं नोटिस भी जारी करेंगे।*

**विकास सिंह**, *विकासखंड चिकित्सालय अधिकारी*

तहसीलदार ने जारी किया नोटिस, पहले एसडीएम जो कर सके सीमांकन

# संस्कार ग्रीन वैली स्कूल पर प्रशासन का शिकंजा, चलेगा बुलडोजर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के द्वारा सरकार की करोड रुपए की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया है। जिसको मुक्त करवाने के लिए प्रशासन ने कदम उठाते हुए करते हुए संस्कार ग्रीन वैली स्कूल को नोटिस जारी करके तत्काल शासकीय जमीन में से अतिक्रमण हटाने के लिए जारी किया है। तहसीलदार संजय चौरसिया के द्वारा जारी किए गए नोटिस में संस्कार ग्रीन वैली स्कूल सर्वे नंबर 251/2, जमीन 0280 हेक्टर पर अवैध रूप से संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के द्वारा अतिक्रमण करके जमीन को अपने कब्जे में कर लिया है। जिसको



तत्काल हटाया जाए नहीं हटाने की दशा में प्रशासन के द्वारा तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी साथ ही नोटिस में तहसीलदार ने लिखा है कि स्कूल के द्वारा शासकीय जमीन पर अबैध रूप अतिक्रमण करके संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है जिसके लिए संस्कार ग्रीन वैली स्कूल पर बाजार मूल्य का 20 जुर्माना तथा जब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा तब तक प्रतिदिन 500 के हिसाब से जुर्माना करने की कार्रवाई भी नोटिस में कही गई है । संस्कार ग्रीन वैली स्कूल को अपना जवाब देने के लिए तहसीलदार के द्वारा 25 अप्रैल तक का समय दिया गया है। यदि उस दिन स्कूल की तरफ से अतिक्रमण को लेकर जवाब नहीं किया गया या फिर उपस्थित नहीं होते हैं तो तहसीलदार न्यायालय के द्वारा एक पक्षी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को तोड़ने के लिए कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा तहसील ने नोटिस में संस्कार ग्रीन वैली स्कूल पर शासकीय जमीन में बाउंड्री बाल , स्कूल का प्लेग्राउंड साथ ही स्कूल बिल्डिंग का कुछ एरिया भी अतिक्रमण में होना दर्शाया गया है। अब देखना है कि प्रशासन के द्वारा कितने जल्दी बड़े रसूखदार स्कूल पर कार्रवाई करने के लिए अपना बुलडोजर चलवाया जाएगा ।

### एसडीम ने खड़े होकर करवाया था सीमांकन

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल एवं आसपास के लोगों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण कर लिया था । जिसका शनिवार को एसडीएम ने राजस्व विभाग के अमले के साथ स्वयं ने खड़े होकर जरीब डलवा कर जब संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का सीमांकन करवाया तो जहां पर संस्कार ग्रीन वैली स्कूल की बाउंड्री बाल है वहां से लेकर स्कूल तक 82 फीट के करीब अतिक्रमण होना पाया गया था इसके अलावा लंबाई की बात की जाए तो डेढ़ सौ फीट के करीब होना पाया जा रहा है । साथ ही स्कूल की जो बिल्डिंग बनी हुई है उसका भी कुछ हिस्सा अतिक्रमण में बनाया गया है ऐसा सीमांकन के दौरान सामने आया है ।

### 13 साल में पहली हुआ स्कूल का सीमांकन

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के द्वारा अवैध रूप से शासकीय जमीन पर कई वर्षों से कब्जा कर रखा है, काफी क्षेत्र में अवैध रूप से पक्का निर्माण भी कर लिया बाउंड्री बाल भी तान दी 13 साल में पहले एसडीएस हर्षल चौधरी जो संस्कार ग्रीन बेली स्कूल का सीमांकन कर पाए हैं । उन्होंने पूरे समय खड़े होकर सीमाकंन करवाया तो वहां भी इतने बड़े क्षेत्र में अतिक्रमण देखकर दंग रह गए थे । इतने बड़े क्षेत्र में इतने सालों से अतिक्रमण किया गया था और किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की वहीं एसडीएम के द्वारा किए गए इस सीमांकन की शहर में सभी लोगों के द्वारा तारीफ भी की जा रही है । क्योंकि एसडीएम के द्वारा नामी लोगों पर भी कार्रवाई की जा रही है । आज शहर अतिक्रमण से मुक्त होने लगा है । इससे पहले कई एसडीएम ओर गए शिकायतें भी हुई पर संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का सीमांकन भी नहीं कर सके थे ।

### इनका कहना है -

*संस्कार ग्रीन वैली स्कूल को अवैध रूप से अतिक्रमण करने को लेकर नोटिस जारी किया गया है, स्कूल के द्वारा अतिक्रमण करके सरकारी जमीन पर बाउंड्री बाल स्कूल का प्ले ग्राउंड और कुछ क्षेत्र में बिल्डिंग बना ली है।*

**संजय चौरसिया**, *तहसीलदार*

## पूर्व नपा सीएमओ, आरआई पर सरकारी दस्तावेज नष्ट करने पर हुआ प्रकरण दर्ज



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नपा परिषद सिरोंज के पूर्व सीएमओ पीएस खेगर एवं नगर पालिका परिषद में आर आई बालमुकुंद कुशवाह पर न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सिरोंज के द्वारा अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। एडवोकेट तथा फरियादी संजीव पालीवाल एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2019 में मैंने अपने मकान जो कस्टम पथ स्थित है। उसका सीमांकन नगर पालिका परिषद सिरोंज से कराया था उक्त मकान विवादित था इसलिए उसका सीमांकन कराया गया था सीमांकन करने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिरोंज पीएस खेगर एवं बालमुकुंद कुशवाहा द्वारा सीमांकन कर पंचनामा तैयार किया गया था इस इस पंचन में को बाद में नपा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीएस खेगार ओर बालमुकुंद कुशवाहा के द्वारा नष्ट कर दिया गया जिसकी में शिकायत संजीव पालीवाल एडवोकेट ने पुलिस एवं प्रशासन से की जिसकी जांच कुरवाई एसडीओपी के द्वारा कराई गई तो उन्होंने अपना जांच प्रतिदिन दिया उन्होंने रिकॉर्ड से यहां दस्तावेज गायब होने की रिपोर्ट दी थी सिरोंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया था। थी संजीव पालीवाल एडवोकेट का आरोप था कि उक्त दोनों ही नगर पालिका सीएमओ तथा कर्मचारियों ने शासकीय पदों पर रहते हुए अपने पदों का दुरुपयोग किया है । संजीव पालीवाल एडवोकेट द्वारा न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सिरोंज में एक परिवाद दर्ज किया गया इस प्राइवेट इस्तखासे पर न्यायालय द्वारा संज्ञान ले लिया गया पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीएस खेगार एवं बालमुकुंद कुशवाहा के विरुद्ध न्यायालय द्वारा धारा 166,204,120 के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया गया है।

## श्री रामनवमी के चलते हाट बाजार का आज रहेगा स्थान परिवर्तन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

श्री रामनवमी को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के शरित श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार रामनवमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें नगर के मुख्य मार्गों एवं चौक चौराहा को भगवा ध्वजों से सजाया जाएगा मुख्य चौक चौराहा एवं मुख्य बाजार में भगवा रंग मंदिर के शिकार नुमा आकृति बनाई गई है वही भव्य श्री रामनवमी के कार्यक्रम को देखते हुए ग्राम पंचायत पठारी द्वारा नागरिकों को सहित दुकानदारों को सूचित किया गया है कि आज बुधवार को रामनवमी का चल समारोह मुख्य बाजार से गुजरेगा जिससे हॉट बाजार का स्थान परिवर्तित किया जाता है हॉट बाजार ग्राम पंचायत के आसपास एवं तालाब रोड पर परिवर्तित किया गया है जिससे कि ग्राम में श्री रामनवमी का चल समारोह कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से निकाला जा सके उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सचिव गोविंद सिंह राजपूत ने दी ।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल मिशन के कार्यो की समीक्षा

# जिले में बोरवेल खुले पाए गए तो होगी सख्त कार्रवाई-कलेक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी बोरवेल खुले हुए नहीं पाए जाएं, यदि खुले बोरवेल के कारण कोई घटना होती है तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी एसडीएमो को इस मामले में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि खुले बोरवेल का सर्वे किया जाए। इस विषय को प्राथमिकता दें और आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनपद सीईओ को भी निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के जिले में हॉल ही में हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने विदिशा जिले में कहीं भी खुले बोरवेल पाए जाते हैं तो उन्हें त्वरित कार्यवाही करते हुए ढंकने की कार्यवाही संपादित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले में नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांशतः बोरवेल खुले हुए पाए जाते हैं। उन बोरवेलों को ढंक कर रखा जाए। इसके अलावा खेत-खलियान क्षेत्र में भी बोरवेल खुले हुए छोड़ दिए जाते हैं। खुले बोरवेल के कारण कोई घटना ना हो इसे ध्यान रखते हुए उन्होंने आम जनों से भी अपील की है कि आमजन भी खुले बोरवेल की सूचना जिला प्रशासन को दे सकते हैं। ताकि खुले हुए बोरवेलों को ढंकने की कार्यवाही की जा सके। आमजनों से ततसंबंध में अपील की गई है कि कहीं कोई खुला बोरवेल की जानकारी प्राप्त होती है तो अविलम्ब कंट्रोल रूम का नम्बर 7400507766 पर सूचित करने का कष्ट करें ताकि प्रशासन के द्वारा शीघ्र कार्यवाही संपादित की जा सकें।

ग्रामीणजनों को समय पर पेयजल मिले यही ध्येय होना चाहिए - कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल मिशन के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित ठेकेदारो से कहा है कि ग्रामीणजनों को समय पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो यही ध्येय हम सबका होना चाहिए। छोटे-छोट कार्यो के कारण नल जल योजना के संचालन में अवरूद्ध नहीं होना चाहिए।

### ग्रामीणों को समय पर पेयजल मिले यही ध्येय होना चाहिए:कलेक्टर

कलेक्टरने विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारो से कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर नलजल योजना के कार्य समय पर पूरे हो। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान बिजली संबंधी दिक्कतो के समाधान के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है साथ ही अपने स्तर पर पाक्षित अवधि में समीक्षा करें ताकि बिजली आपूर्ति सुविधा चालू कराने के कारण कोई भी नलजल योजना में विलम्ब ना हो। अनेक ठेकेदारो के द्वारा राशि जमा की गई है इसके बावजूद समय पर उन्हें बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण नलजल योजनाओं के लाभ से ग्रामीणजन वंचित रह रहे है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि जिले में कहीं पेयजल संकट ना हो को ध्यानगत रखते हुए नई-नई योजनाओं के लिए शासन द्वारा राशि दी जा रही है किन्तु समय पर हम कार्य पूरा नहीं करा पाने के कारण लागत में वृद्धि हो जाती है। इन सबके पीछे ठेकेदारो पर सतत निगरानी नहीं रखने तथा उनकी मूलभूत कार्यो से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं होना पाया गया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए उन्हें आपसी समन्वय के स्त्रोत के रूप में कार्य करने की सीख दी है। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जब ठेकेदार द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए समुचित प्रपत्रों के साथ-साथ राशि ऑन लाइन जमा कर दी जाती है तो फिर राशि जमा कराने की सूचना से पुनः लिखित अवगत कराने की परम्परा क्यों है। उपरोक्त व्यवस्था में सुधार लाने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेंजो के आधार पर बतलाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 11260 हेण्ड पंप स्थापित है जिसमें से 10954 क्रियाशील है वहीं 306 विभिन्न कारणो से बंद है। जिले में कुल 357 नलजल योजनाएं स्थापित है जिसमें से 348 क्रियाशील है। इसी प्रकार जल मिशन के अंतर्गत 539 योजनाएं प्रगतिरत है। इन योजनाओं का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जल निगम के पूर्ण, प्रगतिरत कार्यो की ग्राम संख्यावार जानकारियां उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान बतलाया गया कि जल मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन कुल 256 योजनाएं पूर्ण हुई है जिसमें रेट्रोफिटिंग की 127 व नवीन 129 शामिल है जबकि 283 योजनाएं प्रगतिरत है। समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम पीआईयू के कार्यो की भी समीक्षा की गई है। कलेक्टेड्ट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री संतोष साल्वे सहित विभागीय अन्य अधिकारी व ठेकेदार मौजूद रहें।

### अब तक 155 नल-जल योजनाएं विभागीय आंकडों के अनुसार पूर्ण

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि ग्रामो की नलजल योजना के कार्य सम्पूर्ण होने के उपरांत विशेष ग्राम सभा के माध्यम से विशेष ग्रामसभा में प्रस्ताव रखे जाए और जल सुरक्षा समिति के अनुमोदन उपरांत ग्राम पंचायत को सुपुर्द की जाए । उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 155 नल–जल योजनाएं विभागीय आंकडो के अनुसार पूर्ण हो चुकी है इन नलजल योजनाओं का ग्राम सभा के माध्यम से सत्यापन कराया गया है जिसमें से मात्र 40 नलजल योजनाएं सुचारू रूप से संचालित होना पाए जाने पर ग्राम पंचायत द्वारा अधिपत्य में ली गई है । उन्होंने कहा कि सात जून के बाद नल जल योजनाओं के अधिपत्य हेतु विशेष ग्रामसभाओं का पुनः आयोजन किया जाएगा ताकि जल सुरक्षा समिति के समक्ष सम्पूर्ण विवरण रखा जा सकें और नलजल योजना अधिग्रहण की स्थिति में है कि नहीं का निर्णय समिति द्वारा लिया जा सकें । बिजली विभाग की कुछ समस्याएं ऐसी है जिनका निदान आपसी समन्वय से हो सकता है । सम्पर्क गेप होने के कारण ऐसी समस्या बनी हुई है ।

**मेट्रो एंकर**

शादियों के सीजन में दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से की जा रही हैजीएसटी की खुलेआम चोरी

# सादी पर्चियों पर लेनदेन, क्यूं मेहरबान है विभाग के अधिकारी!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

दुकानदारो से ग्राहकों द्वारा खरीदा गया सामान का ब्यापारियों द्वारा पक्का बिल न दिए जाने से ग्राहक चीजों का अधिक मूल्य चुकता करने में मजबूर है वही यदि खरीदी गई वस्तु खराब निकलती है तो वापसी में भी उसे कई परेशानियों का सामना करना पढता है दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को कच्ची पर्ची पर लेखाजोखा करने से शासन को लाखों रूपये की हानि हो रही है।

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने टीवी,रेडिओ समाचार पत्रों के माध्यम से जागो ग्राहक जागो का मिशन चलाकर खरीददारों को किसी भी सामान के खरीदने पर पक्का बिल लेने नहीं देने पर शिकायत करने सामान की खरीदी करने पर पक्का बिल लेना ना भूलें जो कि आपका हक है जैसे मिशन चलाकर खरीददारों को जागरूक बनाने का कम कर रही हे परन्तु इतना करने पर भी इन सब बांतो को खरीददारों पर कोई असर नहीं दिखाई देता नगर की लगभग सभी दुकानों में फिर चाहे वह रेडीमेड गारमेंट, की दुकान हो या कपड़ो, की या लोहे, सीमेंट. की या सोने, चांदी, इलेक्ट्रोनिक की किसी भी दुकान में खरीददार को पक्का बिल नहीं दिया जाता बस सारा लेनदेन कच्चे सादे कागज पर करके लाखों का व्यापार चल रहा हे जिसमे नगर के दुकानदार सरेआम जीएसटी की चोरी करके स्वंय तो दोगुना कमा रहे है और दुकानदार मालामाल हो खरीददार ठगे जा रहे है और आयकर विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा हे वहां व्यापारियों ने ग्राहकों को बिल न मांगने की आदत लगा दी हे और खरीददार भी बिल न मांगकर व्यापारी से अपने संबंधो की दुहाई तो दे देता हे परन्तु ऐसा करने से उसके द्वारा खरीदे सामान पर जो टैक्स व्यापारी पर लगना होता है वह कच्चा बिल देने पर टैक्स चुकाने से बच जाता हे और इस तरह टैक्स चोरी की राशि सीधे व्यापारी की जेब में चली जाती हे खरीददार का इसमें कोई फायदा नहीं होता यही वजह से कि यहाँ के व्यापारी आयकर चोरी करके अकूत संपत्ति के मालिक बनकर बैठे है और नगर सहित ग्रामीण अंचलों के खरीददार संबंधो के आढ़ में ठगे जा रहे है ।

जागरूक नागरिको को दुकानदार द्वारा किए जा रहे इस फर्जीबाड़े के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए आगे आना होगा .....नहीं मिलता पक्का बिल.... वैसे तो बहुत से प्रोडक्ट ऐसे होते है जिन पर सभी करो के साथ कीमत अंकित रहती हे परन्तु नगर में सभी किराना एवं जनरल स्टोर




दुकानों पर दुकानदारो द्वारा एक चिट लगा दी जाती है जिस पर हाथ से कीमत लिखी होती है वही कीमत ग्राहकों से वसूली जाती हे अपनी मनचाही कीमत लेने के बाद भी व्यापारी ग्राहक को पक्का बिल नहीं देते वहीं किराना दुकानों पर कई ग्राहक कम मात्रा में फुटकर सामान खरीदते है जिन्हें दुकानदार कच्ची पर्चियों पर ही जोड़ घटाना कर ग्राहक के हाथ में थमा देते है।

### सफल नहीं अभियान

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने के उपायों को लेकर अभियानों के माध्यम से उन्हे किसी भी खरीद पर पक्का बिल लेने की सलाह अवश्य देती हे लेकिन इस तरह के अभियानों का असर कही भी दिखाई नहीं देता जिसके चलते जहाँ ग्राहक कच्चे बिल के माध्यम से चीजों का अधिक मूल्य अदा कर रहे ' है वही दुकानों पर सामान की बापसी के समय ग्राहकों को समस्याओ का सामना करना पडता हे ।

### पक्के बिल को लेकर दुकानदार होती है चिक्कलस

अगर कोई ग्राहक पक्का बिल मांगता भी है तो दुकानदार पक्का बिल नहीं देता और सामान देने से मना तक कर देता है संबधित विभागीय अधिकारी क्यूँ नहीं कर रहे इन दुकानदार पर कार्रवाही क्या इसमें इनकी भी मिलीभगत है।

### इलेक्ट्रोनिक दुकानों पर होता लाखों का कारोबार

आमतोर पर शादी विवाह एवं पर्व के मोके पर इलेक्ट्रानिक कारोबार में तेजी आ जाती हे दुकानदार भरपूर फायदा उठाते हुए ग्राहकों को टैक्स का भय बताते हुए कच्ची पर्ची पर सामान बेचने से नहीं चूकते कम दामों के लालच में ग्राहक ऐसे दुकानदारों झासे में आ जाता हे जिस से वह ग्यारंटी पीरियड सामान के खराब होने पर रिपेयरिंग अथवा सामान बापसी के लिए दुकानदार पर दबाव नहीं बना पता ऐसे में दुकानदारो को जहाँ डबल मुनाफा' होता हे' वही ग्राहक अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता हे।

### रेडीमेड के व्यवसाय में चल रहा गोलमाल

रेडीमेड व्यवसाय का पूरा कारोबार कच्ची पर्ची पर ही आधारित हे कपड़ो पर जहाँ दाम नहीं छपे होते वही दुकानदार ही पूरा जोड़ घटाना कच्ची पर्चियों पर ही करते है जिससे जहाँ उपभोक्ता ठगी का शिकार होने से नहीं बच पाता वही सरकार को भी मिलने बाले टैक्स की चपत लगती हे त्योहारों एवं शादी विवाह के मोके पर रेडीमेड व्यवसाय में दोगुने से चौगुना इजाफा हो जाता हे ऐसे में रेडीमेड व्यवसायी मोके का फायदा उठाते हुए लाखों की टैक्स चोरी करने में पीछे नहीं रहते ।

### चार पहिया वाहनों से प्रतिदिन आता है माल

अकसर यह भी देखा जाता है की कई व्यापारी बीजेपी का व्यापार सम्बधित पद लेकर दुरूपयोग करता है अपने बसों एवं चार पहिया वाहन के आगे अपना पद लिखवाकर उसमे प्रतिदिन गाड़ी में भरकर इंदोर एवं भोपाल, बीना से बिना पक्के बिल के मॉल सिरोंज लेकर आते है उस वाहन को इस वजह से चेक नहीं किया जाता कही इसमें कोई प्रभाव शाली नेता नाहो इस तरह से प्रतिदिन जीएसटी की चोरी करते है यह भी देखा जाता है की सिरोंज में मेन मार्केट छोड छोटी छोटी गलियों में थोक एवं रिटेल का कारोबार होता है ये इसलिये की जीएसटी से बच सके ।

# तलवार लहराकर रहवासियों को धमकाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर स्थित बाणगंगा झुग्गी में तलवार और चाकू लेकर गदर करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी हथियार लेकर बाणगंगा में किसी को तलाश करते हुए पहुंचे थे। हाथ में तलवार और चाकू देखकर लोग दहशत में आ गए और अपने अपने घरों में घुस गए थे। इस दौरान किसी ने आरोपियों को हाथ में तलवार और चाकू लिए वीडियो बना लिया। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने वीडियो के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो बदमाश श्यामला हिल्स के निगरानीशुदा है, जबकि तीसरे के खिलाफ दो अपराध दर्ज है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को एक वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो को देखने पर पता चला कि उक्त वीडियो बाणगंगा टीटी नगर का है। पुलिस ने इलाके में पहुंचकर लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह वीडियो बाणगंगा का ही है और तीनों आरोपी हाथ में तलवार चाकू लेकर पहुंचे थे। वे रहवासियों को डरा धमका रहे थे।







### प्रताप नगर में रहते हैं आरोपी

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम बनाई और वायरल वीडियों में हथियार लेकर घूम रहे बदमाशों की पहचान के लिए मुखबिर तंत्र लगाए। इसके अलावा पुलिस की टीम अपने स्तर पर भी आरोपियों का विडियो दिखाकर उनकी पहचान कर रही थी। पुलिस को मुखबिर से पता चला कि आरोपी प्रताप नगर के हैं तो पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। आरोपियों से चाकू और तलवार जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान मोहसिन खान उर्फ पलीत पिता स्व. सलीम खान (20) प्रताप नगर, बाणगगा, श्यामला हिल्स और कमल यादव उर्फ लाले पिता छोटेलाल यादव (44) प्रताप नगर बाणगंगा समेत अयान अली उर्फ अन्ना पिता आसिफ अली (19) प्रताप नगर श्यामला हिल्स के रूप में कर ली गई है। आरोपी मोहसिन और कमल श्यामला हिल्स के निगरानीशुदा बदमाश है, जबकि अयान पर भी दो प्रकरण दर्ज है।

# प्रशिक्षु आरक्षकों ने ढाबे में की युवती से छेड़छाड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित आयुष ढाबे में सोमवार रात तीन प्रशिक्षु आरक्षकों द्वारा दो युवतियों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवतियों की शिकायत पर पुलिस ने तीनों प्रशिक्षु आरक्षकों के खिलाफ छेड़छाड़ समिति अन्य धाराओं में प्रखंड दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दो युवतियों खजूरी सड़क के आयुष ढाबा में खाना खाने आई थी। इस दौरान वहां पर सोनू सोलंकी भोजराज और उसका साथी भी खाना खाने पहुंचे थे। युवतियों का कहना है कि



आरक्षक उन्हें देखकर कमेंट कर रहे थे। युवतियों ने उनका विरोध किया तो वह झूमाझाटकी करने लगे। ढाबे में मौजूद कर्मचारी और लोगों ने उन्हें समझाया लेकिन वह खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए धौंस बनाने लगे। युवतियों ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस से की। पुलिस ने तीनों प्रशिक्षु आरक्षकों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि तीनों आरक्षण करीब 5 साल से एसएएफ मैं नौकरी कर रहे थे। अभी उनकी थाना पुलिस में ट्रेनिंग शुरू हुई है।

### अपहृत बालिका को किया बरामद

**भोपाल।** पुलिस ने अपहृत बालिका को बरामद कर आरोपी अभिषेक सराठे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 26 फरवरी 2024 को मल्टी वाजपेयी नगर ईदगाह शाहजहांनाबाद में रहने वाले फरियादी ने 16 साल की नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहृता बालिका को सोमवार को अहिरपुरा जहांगीराबाद से बरामद किया।

## गांव रमपुरा में अवैध संबंध रखने वाले पति को पत्नी ने रोका तो कर दिया मर्डर

# पति-पत्नी के बीच आई महिला को लेकर हुआ था विवाद, गला दबाकर कर दी पत्नी की हत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव रमपुरा खुर्द में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। महिला की उसके पति ने ही गला दबाकर हत्या की थी। दरअसल, आरोपी पति का किसी महिला से अवैध संबंध था। इसकी भनक पत्नी को लग गई थी। इसी बात को लेकर दंपती में विवाद होने लगा था। रविवार रात भी दंपती में विवाद हुआ और पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।**

पुलिस के अनुसार गांव रमपुरा में रहने वाले कोटवार ने सूचना दी थी कि गांव में एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण करने के बाद महिला का शव पीएम के लिए भेज दिया। महिला की पहचान वैजंती बाई पति सौदान सिंह अहिरवार (30) के रूप में की गई। पति सौदान सिंह ने पुलिस को बताया था कि बारह साल पहले उसकी वैजंती बाई से शादी हुई थी। वह मजदूरी करता है। रविवार रात करीब 11 बजे के आसपास पत्नी ने खाना खाया था और सो गई थी। सुबह बच्चों ने उन्हें नींद से जगाने का प्रयास किया, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने वैजंती बाई का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि वैजंती बाई की मौत गला दबाने से हुई है। पुलिस ने संदेह के आधार पर पति सौदान सिंह से पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने हत्या करने की बात स्वीकार ली।



# पत्नी के मायके पहुंचकर पति ने तीन बार तलाक कहकर संबंध किए खत्म, प्रकरण दर्ज




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर में पति द्वारा पत्नी को तीन बार तलाक कहकर संबंध खत्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई नरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि फौजिया अली पति मोहम्मद जावेद अली (31) जनता नगर करोंद में रहती हैं। उसकी शादी रफीकिया स्कूल के पास शाहजहानांबाद निवासी मोहम्मद जावेद से हुई थी। जावेद मैकेनिक का काम करता है। जावेद और फौजिया के दो बच्चे हैं। एक दस साल का जबकि दूसरा दूधमुहा बच्चा है। 11 अप्रैल को ईद पर फौजिया बच्चों को लेकर अपने मायके जनता क्वार्टर आईड़थी। 13 अप्रैल को जावेद जनता क्वार्टर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। इस दौरान उसने पत्नी को तीन बार तलाक कहा और संबंध खत्म करते हुए लौट गया। उसे परिजन ने समझाने का प्रयास किया था, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति जावेद उसे पांच लाख रुपए की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहाड़था। रुपए नहीं देने पर तीन तलाक कहकर संबंध खत्म कर दिए।

# छत पर लोहा बांधते समय युवक आया हाइटेंशन लाइन की चपेट में, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया में निर्माणाधीन की छत पर काम करते समय एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसे करंट का इतना तगड़ा झटका लगा था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आकाश पवार पिता संजू पवार (20) बागमुगलिया में रहता था। वह लोहा बंधाई का काम करता था। मोहल्ले में एक झुग्गीनुमा मकान पर छत डाली जा रही थी। मंगलवार सुबह आकाश छत पर चढ़कर लोहे की बंधाई कर रहा था। इस दौरान पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।



# शाहजहांनाबाद से 16 साल की नाबालिग का अपहरण, जहांगीराबाद में दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद से 16 साल की किशोरी का अपहरण कर जहांगीराबाद में दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 26 फरवरी को इलाके में रहने वाले परिजन ने अपनी 16 साल की बेटी की गुम होने की शिकायत दर्ज कराईड़थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौश्रान पता चला कि नाबालिग जहांगीराबाद इलाके में कहीं देखी गई है। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किए और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जहांगीराबाद इलाके से नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने नाबालिग के साथ एक संदेही को भी हिरासत में लिया था। उसने अपना नाम अभिषेक सराठे पिता कमल (34)पानी की टंकी के पास थाना शाहजहांनाबाद बताया था। नाबालिग के बयान दर्ज कि गए तो उसने बताया कि आरोपी अभिषेक उसे बहला फुसलाकर साथ ले गया था और जहांगीराबाद में किराए का कमरा लेकर उससे दुष्कर्म कर रहा था।



**मेट्रो एंकर** करबला के पास युवती की लाश मिलने से फैली सनसनी

# तालाब में कूदकर नवविवाहिता ने दी जान जहांगीराबाद से तीन दिन से थी लापता

### पांच महीने पहले ही हुई थी शादी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर करबला के पास तालाब में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतिका 14 अप्रैल से जहांगीराबाद से लापता हुई थी। परिजन ने जहांगीराबाद थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।**

पुलिस के अनुसार शिरिन पति मोहम्मद रिहान (19) वशुंधरा कॉलोनी टीलजमालपुरा में रहती थी। उसकी पांच महीने पहले ही रिहान से शादी हुई थी। परिजन ने बताया कि शिरिन का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। उसकी मां उसे 14 अप्रैल की दोपहर जहांगीराबाद किसी के पास झाड़फूंक कराने लाई थी। इस दौरान शिरिन हाथ छुड़ाकर निकल गई थी। उसकी तलाश की गई, पर उसका पता नहीं लग सका। लिहाजा उसी दिन शाम को परिजन ने जहांगीराबाद थाने में शिरिन की गुमशुदगी दर्ज करा दी। कल मंगलवार सुबह गोतखोरों ने एक युवती की लाश तालाब में देखी और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका की पहचान शिरिन पति मोहम्मद रिहान (19) निवासी वशुंधरा कॉलोनी टीलाजमालपुरा के रूप में कर ली।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022